Under CSR Support by ipca Foundation missiongyan

# अध्याय - 11 | प्रकृति की अमूल्य संपदा

QUIZ PART-05

1. **प्रकृति से प्राप्त होने वाले संसाधन क्या कहलाते हैं?**
   A. मानव-निर्मित संसाधन
   B. प्राकृतिक संसाधन
   C. औद्योगिक संसाधन
   D. कृत्रिम संसाधन (B)

***व्याख्या :*** वायु, जल, मृदा और खनिज जैसे प्रकृति से प्राप्त संसाधनों को प्राकृतिक संसाधन कहते हैं।

2. **निम्नलिखित में से कौन-सा प्राकृतिक संसाधन नहीं है?**
   A. जल
   B. वायु
   C. मृदा
   D. मशीन (D)

***व्याख्या :*** मशीन मनुष्य द्वारा प्राकृतिक संपदाओं का उपयोग करके बनाई जाती है, इसलिए यह मानव-निर्मित संसाधन है।

3. **नवीकरणीय संसाधन किसे कहते हैं?**
   A. जो उचित समय में पुनः प्राप्त या स्थापित हो सकते हैं
   B. जो एक बार उपयोग के बाद तुरंत समाप्त हो जाते हैं
   C. जो केवल उद्योगों में उपयोग होते हैं
   D. जो मनुष्य द्वारा बनाए जाते हैं (A)

***व्याख्या :*** जो संसाधन उचित समय में नवीनीकृत, पुनः प्राप्त या पुनः स्थापित हो जाते हैं, वे नवीकरणीय संसाधन कहलाते हैं।

4. **निम्नलिखित में से कौन-सा नवीकरणीय संसाधन है?**
   A. पेट्रोलियम
   B. कोयला
   C. सौर ऊर्जा
   D. प्राकृतिक गैस (C)

***व्याख्या :*** सौर ऊर्जा लगातार उपलब्ध होती है और पुनः प्राप्त की जा सकती है, इसलिए यह नवीकरणीय संसाधन है।

5. **अनवीकरणीय संसाधनों की प्रमुख विशेषता क्या है?**
   A. वे असीमित मात्रा में मिलते हैं
   B. वे सीमित मात्रा में उपलब्ध होते हैं और समाप्त हो सकते हैं
   C. वे बहुत जल्दी पुनः बन जाते हैं
   D. वे केवल पौधों से प्राप्त होते हैं (B)

***व्याख्या :*** अनवीकरणीय संसाधन उचित समय-सीमा में पुनः उत्पन्न नहीं होते और उपयोग के बाद समाप्त हो सकते हैं।

6. **निम्नलिखित में से कौन-सा अनवीकरणीय संसाधन है?**
   A. कोयला
   B. पवन
   C. जल
   D. वन (A)

***व्याख्या :*** कोयले को बनने में लाखों वर्ष लगते हैं और यह सीमित मात्रा में उपलब्ध है।

7. **अनवीकरणीय संसाधनों का सही समूह कौन-सा है?**
   A. वन, जल और पवन
   B. सूर्य, वायु और जल
   C. मृदा, जल और सौर ऊर्जा
   D. कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस (D)

***व्याख्या :*** कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस उचित समय में पुनः नहीं बनते, इसलिए ये अनवीकरणीय संसाधन हैं।

8. **मानव-निर्मित संसाधन किस प्रकार बनाए जाते हैं?**
   A. केवल सूर्य के प्रकाश से
   B. बिना प्राकृतिक संसाधनों के
   C. प्राकृतिक संपदाओं का उपयोग करके मनुष्यों द्वारा
   D. केवल जल के द्वारा (C)

***व्याख्या :*** मनुष्य प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके भवन, वाहन, फर्नीचर और मशीनें बनाता है।

9. **निम्नलिखित में से कौन-सा मानव-निर्मित संसाधन है?**
   A. वाहन
   B. वायु
   C. खनिज
   D. जल (A)

***व्याख्या :*** वाहन मनुष्यों द्वारा प्राकृतिक पदार्थों का उपयोग करके बनाया जाता है।

10. **संसाधनों के संरक्षण का सही अर्थ क्या है?**
    A. संसाधनों को व्यर्थ करना
    B. संसाधनों का लापरवाही से उपयोग करना
    C. प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट करना
    D. संसाधनों की रक्षा और बचत करना (D)

***व्याख्या :*** संसाधनों का संरक्षण उनके विवेकपूर्ण उपयोग, रक्षा और बचत से संबंधित है।